**PUBLIC RELATIONS OFFICE**
**POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL EDUCATON & RESEARCH**
**CHANDIGARH – 160 012 (INDIA)**

## PRESS COVERAGE DATED 15.06.2024

| | PGIMER Daily News Summary | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **Date** | **Headline** | **Publication** | **Edition** | **Page No** |
| 1. | 15-06-2024 | चंडीगढ़ पीजीआई की हेल्थ सर्विस को और बेहतर बनाने के लिए नड्डा ने दिया है आश्वासन | Chandigarh Today | Online Web | - |
| 2. | 15-06-2024 | चंडीगढ़ पीजीआई की हेल्थ सर्विस को और बेहतर बनाने के लिए नड्डा ने दिया है आश्वासन | Mirror 365 | Online Web | - |
| 3. | 15-06-2024 | "PGI celebrates World Blood Donor Day: Successfully Organized Three Blood Donation Camps in tricity with 350 Donations" | India News Calling | Online Web | - |
| 4. | 15-06-2024 | PGI organizes 3 blood donation camps in tricity; 350 donate blood | Daily Pioneer | Online Web | - |
| 5. | 15-06-2024 | PGIMER Yoga Competition from 11th- 14th June 2024 | Chandigarh Today | Online Web | - |
| 6. | 15-06-2024 | PGIMER Yoga Competition from 11th- 14th June 2024 | Mirror 365 | Online Web | - |
| 7. | 15-06-2024 | Noble Gesture of Body Donation at PGIMER | India News Calling | Online Web | - |
| 8. | 15-06-2024 | City hospitals conduct camps | Chandigarh Tribune | Print | 5 |
| 9. | 15-06-2024 | PGI observes World Blood Donor Day | Chandigarh Times | Print | 3 |
| 10. | 15-06-2024 | PGI ORGANIZES 3 BLOOD DONATION CAMPS IN TRICITY: 350 DONATE BLOOD | The Pioneer | Print | 3 |
| 11. | 15-06-2024 | इनके जज्बे को सलाम... भीषण गर्मी को दरकिनार कर 515 ने किया रक्तदान | Amar Ujala | Print | 2 |
| 12. | 15-06-2024 | शिविरों में 882 ने किया महादान, कमाया पुण्य | Amar Ujala | Print | 4 |
| 13. | 15-06-2024 | पीजीआई ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस | City Darpan | Print | 8 |
| 14. | 15-06-2024 | पीजीआइ ने तीन जगह लगाए शिविर, 350 लोगों ने किया रक्तदान | Chandigarh Jagran | Print | 6 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15. | 15-06-2024 | पी.जी.आई., जी.एम.एस.एच. समेत कई संस्थाओं ने मनाया वर्ल्ड डोनर डे, ट्राईसिटी में कई जगह लगाए गए शिविर | Chandigarh Kesari | Print | 3 |
| 16. | 15-06-2024 | रक्तदाताओं को धन्यवाद थीम पर मनाया विश्व रक्तदाता दिवस | Chandigarh Savera | Print | 6 |
| 17. | 15-06-2024 | पीजीआई ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस | Jagmarg | Print | 11 |
| 18. | 15-06-2024 | ट्राइसिटी में तीन रक्तदान शिविरों में 350 लोगों ने किया रक्तदान | Tricity Mail | Print | 2 |
| 19. | 15-06-2024 | 'ਪੀਜੀਆਈ ਨੇ ਵਿਸ਼ਵ ਖੂਨਦਾਨ ਵਸ ਮਨਾਇਆ: ਟ੍ਰਾਈਸਿਟੀ ਵਿੱਚ 350 ਦਾਨੀਆਂ ਨਾਲ ਤਿੰਨ ਖੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪਾਂ ਦਾ ਸਫਲਤਾਪੂਰਵਕ ਆਯੋਜਨ' | Paigam-e-Jagat | Print | 2 |
| 20. | 15-06-2024 | पीजीआई योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला और नारा लेखन के साथ हुई संपन्न | City Darpan | Print | 8 |
| 21. | 15-06-2024 | योगस्पर्धा का समापन | Chandigarh Kesari | Print | 6 |
| 22. | 15-06-2024 | पीजीआई योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला और नारा लेखन के साथ हुई संपन्न | Jagmarg | Print | 11 |
| 23. | 15-06-2024 | पीजीआई योग प्रतियोगिता का चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता के साथ सफलतापूर्वक समापन | Tricity Newsline | Print | 1 |
| 24. | 15-06-2024 | ਪੀਜੀਆਈ ਯੋਗਾ ਮੁਕਾਬਲੇ ਪੇਂਟਿੰਗ ਅਤੇ ਸਲੋਗਨ ਲਿਖਣ ਮੁਕਾਬਲੇ ਦੇ ਨਾਲ ਸਫਲਤਾਪੂਰਵਕ ਸਮਾਪਤ ਹੋਏ | Paigam-e-jagat | Print | 2 |
| 25. | 15-06-2024 | Noble gesture of body donation at PGIMER | Yugmarg | Print | 6 |
| 26. | 15-06-2024 | बलटाना के रणधीर सिंह • का पीजीआई में देहदान | Amar Ujala | Print | 2 |
| 27. | 15-06-2024 | पीजीआईएमईआर में देहदान का महान प्रयास | Bharat Hmara Desh | Print | 2 |
| 28. | 15-06-2024 | पीजीआई को रणधीर सिंह की बॉडी डोनेट की | Chandigarh Bhaskar | Print | 2 |
| 29. | 15-06-2024 | जीरकपुर के रणधीर सिंह का शरीर पीजीआइ को दान | Chandigarh Jagran | Print | 5 |
| 30. | 15-06-2024 | पी.जी.आई. एनाटॉमी विभाग में देह दान | Chandigarh Kesari | Print | 2 |
| 31. | 15-06-2024 | पीजीआई में बलटाना निवासी ने किया देहदान का नेक कार्य | Chandigarh Savera | Print | 3 |
| 32. | 15-06-2024 | पीजीआई को मिली दान में बॉडी | Jagmarg | Print | 11 |
| 33. | 15-06-2024 | ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ ਵਿਖੇ ਸਰੀਰ ਦਾਨ ਦਾ ਨੇਕ ਸੰਕੇਤ | Paigam-e-Jagat | Print | 2 |
| 34. | 15-06-2024 | पीजीआई प्रबंधन ने किया धोखा : अश्वनी | Amar Ujala | Print | 4 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 35. | 15-06-2024 | पीजीआई प्रबंधन ने फिर दिया धोखा, जेएसी की उम्मीदें टूटीं | Chandigarh Savera | Print | 6 |
| 36. | 15-06-2024 | ग्लैडियस का फाइनल आज, डॉक्टर दिखाएंगे दम | Amar Ujala | Print | 5 |
| 37. | 15-06-2024 | पीजीआई इलेक्ट्रिकल स्टाफ ने छबील लगाई | Chandigarh Bhaskar | Print | 4 |
| 38. | 15-06-2024 | जी.एम.सी.एच. ने सतलोक आश्रम को किया सम्मानित | Chandigarh Kesari | Print | 2 |

Dated:-15/06/2024

# Chandigarh Tribune

## City hospitals conduct camps

**BLOOD DONOR DAY**

CHANDIGARH, JUNE 14

The Department of Transfusion Medicine, GMCH, Sector 32, organised a blood donation camp on the hospital premises to mark World Blood Donor Day today.

The theme this year is 'Celebrating 20 years of giving: Thank you blood donors'.

The camp was inaugurated by Prof Ashok K Attri, Director-Principal, GMCH-32. Blood donors included GMCH faculty, staff, students and resident doctors.

The department also organised two outdoor camps at the Sector 17 Bridge Market and the Sector 20 computer market. A total of 280 units were collected at these three camps.

Dr Ravneet Kaur, Head, Department of Transfusion Medicine, GMCH, thanked donors and donor organisations for their continuous support.

Meanwhile, the Department of Transfusion Medicine, PGIMER, conducted three blood donation camps to mark World Blood Donor Day. These were held at Swaraj Engines Ltd, Industrial Area, Phase 9, Mohali, the Sector 17 Bridge Market and Blood Donation Centre, Advanced Trauma Centre, PGIMER. A total 350 volunteers donated blood at these camps. — TNS

Dated:-15/06/2024

CHANDIGARH TIMES

# PGI observes World Blood Donor Day

TIMES NEWS NETWORK

**Chandigarh:** On the occasion of World Blood Donor Day, the department of transfusion medicine in PGI conducted blood donation camps to create awareness regarding voluntary blood donation . A total 350 donors donated blood in these camps on Friday.

The department appealed to healthy adults between 18-65 years of age to come forward for this noble cause.

World Blood Donor Day is celebrated every year on June 14. This is to done to raise awareness of the importance of blood donation and to recognize the contribution of voluntary unpaid blood donors in saving lives and improving health.

June 14 is also the birthday of Karl Landsteiner, an Austrian biologist and physician, considered to be the "founder" of modern blood transfusion.

Dated:-15/06/2024

the pioneer

# PGI ORGANIZES 3 BLOOD DONATION CAMPS IN TRICITY; 350 DONATE BLOOD

**Chandigarh:** To raise awareness of the importance of blood donation and to recognize the contribution of voluntary unpaid blood donors in saving lives and improving health, Department of Transfusion Medicine, PGIMER, Chandigarh organized three blood donation camps at Swaraj Engines Ltd. Plot No.2, Industrial Area, Phase 9 Mohali; Bridge Market, Sector-17, Chandigarh and Blood Donation Centre, Advanced Trauma Centre, PGIMER. A total of 350 blood donors donated blood in these camps.

**Dated:-15/06/2024**

chandigarh.amarujala.com

my city अमर उजाला

# इनके जज्बे को सलाम... भीषण गर्मी को दरकिनार कर 515 ने किया रक्तदान

## अमर उजाला फाउंडेशन ने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से ट्राइसिटी में लगाए शिविर

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन ने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से ट्राइसिटी में चार जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शुक्रवार को भीषण गर्मी के बीच 515 लोगों ने रक्तदान किया।

अमर उजाला फाउंडेशन ने चंडीगढ़ में श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से तीन जगह शिविर लगाए। सेक्टर-17 स्थित ब्रिज मार्केट में 338, सेक्टर-20 स्थित कंप्यूटर मार्केट में 79 और औद्योगिक क्षेत्र फेज- 1 में 59 लोगों ने रक्तदान किया। पीजीआई रोटो टीम ने रक्तदाताओं को अंगदान के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर 39 ने अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरा।

शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष चरनजीव सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम मुख्तियार सिंह व एचडीएफसी बैंक के वाइस प्रेसिडेंट हरीश गुप्ता ने किया। शिविर में पीजीआई व जीएमसीएच-32 के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्र किया। शिविर में महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी, शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाडा, चंडीगढ़ वेलफेयर ट्रस्ट, श्री ओंकार दास मित्तल चैरिटेबल ट्रस्ट, लेदर डेन और एचडीएफसी बैंक, रोटरी क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल और मित्तल फाइनेंस आदि का सहयोग रहा।

उधर, पंचकूला के सेक्टर-6 मार्केट में विश्वास फाउंडेशन, सिटी मेडिकोस व अमर उजाला फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 39 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर सुबह 10 से दोपहर 1.30 बजे तक चला। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर का उद्घाटन सिविल अस्पताल सेक्टर-6 के पीएमओ डॉक्टर उमेश मोदी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया।



सेक्टर-17 स्थित ब्रिज मार्केट में आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग। अमर उजाला



पंचकूला के सेक्टर-6 मार्केट में लगाए शिविर में रक्तदान करते लोग। संवाद

### 100वीं बार रक्तदान किया



रक्तदान करने के बाद खुद को संतुष्टि मिलती है। इस संतुष्टि के बल पर मैंने आज 100वीं बार रक्तदान किया। मेरा प्रयास रहेगा कि यह क्रम 65 साल की उम्र तक ऐसे ही जारी रहे। -उजागर सिंह

### स्वस्थ व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए



मेरा मानना है कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इसलिए आज मैंने खुद 32वीं बार रक्तदान किया।
-हरीश गुप्ता, एचडीएफसी बैंक

Dated:-15/06/2024

chandigarh.amarujala.com

my city

अमर उजाला

# शिविरों में 882 ने किया महादान, कमाया पुण्य

## विश्व रक्तदाता दिवस पर शहर में पीजीआई, जीएमसीएच-32 और जीएमएसएच-16 सहित कई जगहों पर आयोजन

चंडीगढ़। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर में कई जगह शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 882 लोगों ने रक्तदान किया। पीजीआई में रक्तदान शिविर लगाया। वहीं, संस्थान की टीम की देखरेख में ट्राइसिटी में दो अन्य शिविर भी लगाए गए। तीनों शिविरों में 350 युवाओं ने रक्तदान किया। इस वर्ष की थीम दान के 20 साल पूरे, रक्तदाताओं को धन्यवाद रखी गई थी।

**विश्वास फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 70 ने किया रक्तदान :** इसी क्रम में विश्वास फाउंडेशन की ओर से मार्केट सेक्टर-11डी चंडीगढ़ में शिविर लगाया गया। इसमें ब्लड बैंक कमांड अस्पताल चंडीमंदिर की टीम ने 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया। ब्यूरो



जीएमसीएच-32 में शपथ लेते लोग। अमर उजाला



जीएमएसएच 16 के ब्लड बैंक में रक्तदान करते लोग। स्रोत : अस्पताल

### जीएमएसएच-16 में 101 ने किया रक्तदान

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। विश्व रक्तदाता दिवस पर जीएमएसएच-16 के ब्लड बैंक में लगाए गए शिविर में 101 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य सचिव अजय चगती ने किया।

इस अवसर पर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुमन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार माही, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परमजीत सिंह भी मौजूद रहे।

### जीएमसीएच-32 में 280 ने किया रक्तदान

चंडीगढ़। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जीएमसीएच-32 के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से अस्पताल के साथ ही सेक्टर-17 और सेक्टर-20 में शिविर लगाया गया। इसमें 280 युवाओं ने रक्तदान किया और शपथ ली। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रिंसिपल प्रो. एके अत्रि ने रक्तदाता संगठनों के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया। ब्यूरो



जीएमसीएच-32 में आयोजित शिविर में रक्तदान करता युवक। स्रोत : संस्थान



सेक्टर-37 स्थित रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसाइटी रिसोर्स सेंटर पर सीएटीएस ने कैन एंड विल फाउंडेशन के सहयोग से शिविर लगाया। इसमें 151 लोगों ने रक्तदान किया। अमर उजाला

Dated:-15/06/2024

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का

# पीजीआई ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस

## ट्राइसिटी में तीन रक्तदान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

विश्व रक्तदाता दिवस वर्ष 2005 से हर साल 14 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवन बचाने तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में स्वैच्छिक अवैतनिक रक्तदाताओं के योगदान को पहचानना है।14 जून कार्ल लैंडस्टीनर (1868-1943) का जन्मदिन है, जो एक ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और चिकित्सक थे, जिन्हें आधुनिक रक्त आधान का 'संस्थापक' माना जाता है, जिन्होंनेएबीओ रक्त समूहों की भी खोज की थी। प्रत्येक रक्तदान एक अनमोल जीवनरक्षक उपहार है और बार-बार रक्तदान करना एक सुरक्षित और टिकाऊ रक्त आपूर्ति बनाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने की कुंजी है। स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक दान के आधार पर सुरक्षित और सुरक्षित रक्त आपूर्ति तक पहुँच दुर्घटना और आघात पीड़ितों, सर्जरी की आवश्यकता वाले रोगियों, कैंसर रोगियों, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान रक्तस्राव के मामलों, एनीमिया के मामलों सहित सिकल सेल जैसी स्थितियों के लिए आजीवन और नियमित रक्त आधान की आवश्यकता वाले लोगों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। एनीमिया और थैलेसीमिया आदि स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक प्लाज्मा दान भी हीमोफिलिया और प्रतिरक्षा की कमी जैसी दीर्घकालिक स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के रोगियों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 14 जून 2024 को इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस अभियान का नारा है 'दान के 20 साल पूरे - रक्तदाताओं को धन्यवाद'। यह एक राष्ट्र की सुरक्षित और स्थायी रक्त आपूर्ति में स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका पर जोर देता है और इन महान स्वयंसेवी दाताओं को धन्यवाद देने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। इस अवसर पर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 3 रक्तदान शिविर आयोजित किए - स्वराज इंजन लिमिटेड प्लॉट नंबर 2, औद्योगिक क्षेत्र, फेज 9 मोहाली, ब्रिज मार्केट, सेक्टर-17 और रक्तदान केंद्र, एडवांस ट्रॉमा सेंटर, पीजीआई में। इन शिविरों में कुल 350 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। 18-65 वर्ष की आयु के सभी स्वस्थ वयस्कों से अनुरोध है कि वे इस नेक कार्य के लिए आगे आएं और ट्राई सिटी के किसी भी लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक में रक्तदान कर सकते हैं।



Dated:-15/06/2024

दैनिक जागरण

# चंडीगढ़

## पीजीआइ ने तीन जगह लगाए शिविर, 350 लोगों ने किया रक्तदान

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर शुक्रवार को पीजीआइ की तरफ से ट्राईसिटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पीजीआइ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने अलग-अलग तीन जगह रक्तदान शिविर आयोजित किए। इनमें मोहाली इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9 स्थित स्वराज इंजन लिमिटेड, सेक्टर-17 की ब्रिज मार्केट और पीजीआइ के एडवांस्ड ट्रामा सेंटर के रक्तदान केंद्र में शिविर लगाए गए। तीनों जगहों पर कुल 350 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।



पीजीआइ के एडवांस्ड ट्रामा सेंटर मे आयोजित शिविर मे रक्तदाताओं के साथ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर एवं प्रमुख डा. रति राम शर्मा व अन्य संकाय सदस्य● पीजीआइ



चंडीगढ़ : सेक्टर-17 मे लगाए गए शिविर मे रक्तदान करते लोग●जागरण

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ केसरी

# पी.जी.आई., जी.एम.एस.एच. समेत कई संस्थाओं ने मनाया वर्ल्ड डोनर डे, ट्राईसिटी में कई जगह लगाए गए शिविर




पी.जी.आई. एडवांस्ड ट्रॉमा सैंटर में आयोजित शिविर में डॉ. रति राम शर्मा के साथ रक्तदाता और डॉक्टर्स।

## पी.जी.आई. के लगाए रक्तदान शिविर में 350 लोगों ने किया रक्तदान

चंडीगढ़, 14 जून (पाल) : साल-2005 से हर साल 14 जून को पूरी दुनिया में वर्ल्ड डोनर डे मनाया जाता है। इसका मकसद रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवन बचाने खून के महत्व को बताना है। 14 जून कार्ल लैंडस्टीनर (1868-1943) का जन्मदिन है, जो एक ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और डॉक्टर थे, जिन्हें आधुनिक ब्लड ट्रांस्फ्यूजन का संस्थापक माना जाता है, ने ए.बी.ओ. ब्लड ग्रुप की भी खोज की थी। पी.जी.आई. ट्रांसफ्यूजन मैडिसिन विभाग की ओर से शहर में तीन रक्दान शिविर आयोजित हुए। पहला शिविर विभाग के हैड डॉ. रति राम शर्मा की देखरेख में पी.जी.आई. एडवांस्ड ट्रॉमा सैंटर आयोजित हुआ। दूसरा शिविर सैक्टर-17 ब्रिज मार्कीट में ट्रांसफ्यूजन मैडिसिन विभाग के डॉ. एच.के. धवन की नेतृत्व में हुआ। तीसरा शिविर पी.जी.आई. के सहयोग से इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9 मोहाली में आयोजित किया गया। इन शिविरों में कुल 350 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

सर्जरी की जरूरत वाले मरीजों, कैंसर मरीजों, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान रक्तस्राव के मामलों, एनीमिया के मामलों सहित एनीमिया और थैलेसीमिया जैसी स्थितियों के लिए जीवन भर और नियमित रक्त की जरूरत पड़ती है, कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है।

## मुश्किल वक्त में खून की मदद से कई लोगों को बचाया जा सकता है : डॉ. सुमन सिंह

### जी.एम.एस.एच. में लगाए शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान

चंडीगढ़, 14 जून (पाल) : जी.एम.एस.एच. में विश्व रक्तदाता दिवस की 20वीं वर्षगांठ मनाई। इस साल 'रक्तदाताओं का धन्यवाद' थीम के साथ इस दिवस को देश भर में मनाया गया है। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। जहां 101 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य सचिव अजय चगती ने किया। इस मौके पर हैल्थ निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने लोगों रक्तदान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने मौजूद सभी रक्तदाताओं को उनके निस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित और प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गंभीर एनीमिया, कैंसर, थैलेसीमिया, दुर्घटना में घायल होने और प्रसूति संबंधी मुश्किलों के वक्त इस खून की मदद से कई लोगों को बचाया जा सकता है। निदेशक ने रक्त की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने को लेकर बता की। शिविर में नियमित रक्तदाताओं के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारियों, जिनमें डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, हाउसकीपिंग स्टाफ और सुरक्षाकर्मी शामिल रहे।



सैक्टर-16 स्थित जी.एम.एस.एच. में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर के दौरान हैल्थ निदेशक और अन्य सीनियर स्टाफ मौजूद रहा।

### जी.एम.एस.एच. का ब्लड बैंक न सिर्फ ट्राईसिटी बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी देता है सेवा

मैडिकल सुपरिंटैंडैंट डॉ. सुशील कुमार माही, डिप्टी मैडिकल सुपरिंटैंडैंट डॉ. परमजीत सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने इन शिविरों को सुविधाजनक बनाने में गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संगठनों की भूमिका का आभार व्यक्त किया, जो हर महीने शिविर आयोजित करते हैं और सालाना लगभग 6000 यूनिट रक्त एकत्रित करते हैं।

जी.एम.एस.एच. का ब्लड बैंक न सिर्फ ट्राईसिटी बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी सेवा प्रदान करता है। इसके साथ ही सिविल अस्पताल सैक्टर-22, सिविल अस्पताल सैक्टर-45 और सिविल अस्पताल मनीमाजरा में भर्ती मरीजों को रक्त आपूर्ति करता है।

Dated:-15/06/2024

निष्पक्ष सोच, निडर अखबार
NO पेड न्यूज
चंडीगढ़ सवेरा टाइम्स
सिटी मौसम
अधिकतम 22.0° सेल्सियस
न्यूनतम 11.0° सेल्सियस
सूर्योदय कल 06.51
सूर्यास्त आज 06.20
• मोहाली • जीरकपुर • डेराबसी • खरड़ • कुराली • लालड़ू • मोरिंडा • पंचकूला • पिंजौर • कालका • बरवाला • रायपुर रानी
WWW.DAINIKSAVERATIMES.COM

# रक्तदाताओं को धन्यवाद थीम पर मनाया विश्व रक्तदाता दिवस






जीएमसीएच 32 के प्रिंसीपल निदेशक प्रो.अत्री की उपस्थिति में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदाता रक्तदान करते हुए तथा (दाएं) पीजीआई के एडवांस्ड ट्रॉमा सैंटर में रक्तदान सैंटर में रक्तदाता रक्तदान करते हुए।

**सवेरा न्यूज/राकेश**

## • सैकड़ों रक्तदाताओं ने विभिन्न शिविरों में किया रक्तदान

चंडीगढ़,14 जून: विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सैक्टर 32 ने संस्थान परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है दान के 20 वर्षों का जश्न- रक्तदाताओं को धन्यवाद। शिविर का उद्घाटन संस्थान के प्रधान निदेशक प्रो. अशोक के. अत्री ने किया। रक्तदाताओं में जीएमसीएच संकाय, कर्मचारी, छात्र, रेजिडेंट डॉक्टर और शिवानंद चौबे मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वयंसेवक और अन्य स्वयंसेवक शामिल थे। इस अवसर पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने श्री शिव कंवर महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजीकृत) के सहयोग से ब्रिज मार्केट, सैक्टर-17, और कंप्यूटर मार्केट सैक्टर 20 चंडीगढ़ में दो और आउटडोर रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया। विभाग की ओर से आयोजित तीन शिविरों में कुल 280 रक्तदाताओं ने दान किया। नियमित रक्त दाताओं और दाता संगठनों को धन्यवाद देने के लिए एक समारोह भी आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक के. अत्री ने स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रक्तदान एक नेक कार्य है और समाज की सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं की मानवीय भूमिका की सराहना की और संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर 50 से अधिक रक्तदाता संगठनों को बधाई दी है और उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। रक्तदाता संगठन चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से थे।

जीएमसीएच के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. रवनीत कौर ने विश्व रक्तदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और रक्तदाताओं और दाता संगठनों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

**विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर ट्राईसिटी में हुआ 235 यूनिट्स रक्त एकत्र:** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य व भीषण गर्मियों के वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला द्वारा ट्राईसिटी में चार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि पहला रक्तदान शिविर कुमार ब्रदर्स केमिस्टस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से मार्केट सेक्टर-11 डी में लगाया गया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीगढ़ का विशेष सहयोग रहा। ब्लड बैंक कमांड अस्पताल चंडीमंदिर की टीम ने 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। शिविर का उद्घाटन कुमार ब्रदर्स केमिस्टस प्राइवेट लिमिटेड से अश्वनी कुमार सिंगला ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया व उनको रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया। दूसरा रक्तदान शिविर पंचकूला सैक्टर 6 की मार्केट में सिटी मेडिकोस के सहयोग से लगाया गया। वहां 39 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। तीसरा रक्तदान शिविर मोहाली फेज 5 की मार्केट में लगाया जहां 75 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। चौथा शिविर जीरकपुर में गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब के सहयोग से लगाया गया वहां 51 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

## पीजीआई ने विश्व रक्तदाता दिवस मनाया

### • 350 यूनिट रक्तदान के साथ तीन रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन

**सवेरा न्यूज/राकेश**

चंडीगढ़,14 जून: विश्व रक्तदाता दिवस वर्ष 2005 से हर वर्ष 14 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवन बचाने और स्वास्थ्य में सुधार करने में स्वैच्छिक अवैतनिक रक्त दाताओं के योगदान को पहचानना है। 14 जून ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और चिकित्सक कार्ल लैंडस्टीनर (1868-1943) का जन्मदिन है, जिन्हें आधुनिक रक्त आधान का संस्थापक माना जाता है, जिन्होंने एबीओ रक्त समूहों की भी खोज की थी। प्रत्येक रक्तदान एक अनमोल जीवनरक्षक उपहार है और बार-बार किया गया दान एक सुरक्षित और टिकाऊ रक्त आपूर्ति बनाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने की कुंजी है।

स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक दान के आधार पर सुरक्षित और संरक्षित रक्त आपूर्ति तक पहुंच दुर्घटना और आघात पीड़ितों, सर्जरी की आवश्यकता वाले रोगियों, कैंसर रोगियों, गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के दौरान रक्तस्राव के मामलों, एनीमिया के मामलों सहित लंबे जीवन की आवश्यकता वाले लोगों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया आदि जैसी स्थितियों के लिए नियमित रक्त आधान। स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक प्लाज्मा दान भी हेमोफिलिया और प्रतिरक्षा कमियों जैसी दीर्घकालिक स्थितियों वाले रोगियों के समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस अभियान का नारा है दान देने के जश्न के 20 साल - रक्तदाताओं को धन्यवाद। यह एक राष्ट्र की सुरक्षित और टिकाऊ रक्त आपूर्ति में स्वयंसेवी रक्तदाताओं की भूमिका पर जोर देता है। इन महान स्वयंसेवक दाताओं को धन्यवाद देने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। इस अवसर पर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 3 रक्तदान शिविर आयोजित किए।

स्वराज इंजन लिमिटेड प्लॉट नंबर 2, औद्योगिक क्षेत्र, चरण 9 मोहाली में, ब्रिज मार्केट, सैक्टर-17 में। रक्तदान केंद्र, एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर, पीजीआई में। इन शिविरों में कुल 350 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

**Dated:-15/06/2024**

जगमार्ग

# पीजीआई ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस



चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। विश्व रक्तदाता दिवस वर्ष 2005 से हर साल 14 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवन बचाने तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में स्वैच्छिक अवैतनिक रक्तदाताओं के योगदान को पहचानना है। 14 जून कार्ल लैंडस्टीनर (1868-1943) का जन्मदिन है, जो एक ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और चिकित्सक थे, जिन्हें आधुनिक रक्त आधान का 'संस्थापक' माना जाता है, जिन्होंने एबीओ रक्त समूहों की भी खोज की थी। प्रत्येक रक्तदान एक अनमोल जीवनरक्षक उपहार है और बार-बार रक्तदान करना एक सुरक्षित और टिकाऊ रक्त आपूर्ति बनाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने की कुंजी है। स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक दान के आधार पर सुरक्षित और सुरक्षित रक्त आपूर्ति तक पहुँच दुर्घटना और आघात पीड़ितों, सर्जरी की आवश्यकता वाले रोगियों, कैंसर रोगियों, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान रक्तस्राव के मामलों, एनीमिया के मामलों सहित सिकल सेल जैसी स्थितियों के लिए आजीवन और नियमित रक्त आधान की आवश्यकता वाले लोगों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। एनीमिया और थैलेसीमिया आदि स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक प्लाज्मा दान भी हीमोफिलिया और प्रतिरक्षा की कमी जैसी दीर्घकालिक स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के रोगियों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 14 जून 2024 को इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस अभियान का नारा है 'दान के 20 साल पूरे - रक्तदाताओं को धन्यवाद'। इस अवसर पर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 3 रक्तदान शिविर आयोजित किए - स्वराज इंजन लिमिटेड प्लॉट नंबर 2, औद्योगिक क्षेत्र, फेज 9 मोहाली, ब्रिज मार्केट, सेक्टर-17 और रक्तदान केंद्र, एडवांस ट्रॉमा सेंटर, पीजीआई में। इन शिविरों में कुल 350 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। 18-65 वर्ष की आयु के सभी स्वस्थ वयस्कों से अनुरोध है कि वे इस नेक कार्य के लिए आगे आएं और ट्राई सिटी के किसी भी लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक में रक्तदान कर सकते हैं।

**Dated:-15/06/2024**




03 ट्राई सिटी मेल 04

गुड़गांव

www.gurgaonmail.com

चंडीगढ़




## पीजीआई ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस

# ट्राइसिटी में तीन रक्तदान शिविरों में 350 लोगों ने किया रक्तदान

ब्यूरो/गुड़गांव मेल



चंडीगढ़। पीजीआई ने विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। ट्राइसिटी में तीन रक्तदान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन में 350 ने रक्तदान किया। वर्ष 2005 से हर साल 14 जून को पूरी दुनिया में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवन बचाने तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में स्वैच्छिक अवैतनिक रक्तदाताओं के योगदान को पहचानना है। 14 जून कार्ल लैंडस्टीनर (1868-1943) का जन्मदिन है, जो एक ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और चिकित्सक थे, जिन्हें आधुनिक रक्त आधान का संस्थापक माना जाता है, जिन्होंने रक्त समूहों की भी खोज की थी। प्रत्येक रक्तदान एक अनमोल जीवन रक्षक उपहार है और बार-बार रक्तदान करना सुरक्षित और स्थायी रक्त आपूर्ति बनाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की कुंजी है। स्वैच्छिक गैर-पारिश्रमिक दान के आधार पर सुरक्षित और सुरक्षित रक्त आपूर्ति तक पहुँच दुर्घटना और आघात पीड़ितों, सर्जरी की आवश्यकता वाले रोगियों, कैंसर रोगियों, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान रक्तस्राव के मामलों, एनीमिया के मामलों सहित सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया जैसी स्थितियों के लिए जीवन भर और नियमित रक्त आधान की आवश्यकता वाले रोगियों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है।

**Dated:-15/06/2024**

PAIGAM-E-JAGAT
# ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ

# 'ਪੀਜੀਆਈ ਨੇ ਵਿਸ਼ਵ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਦਿਵਸ ਮਨਾਇਆ: ਟ੍ਰਾਈਸਿਟੀ ਵਿੱਚ 350 ਦਾਨੀਆਂ ਨਾਲ ਤਿੰਨ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪਾਂ ਦਾ ਸਫਲਤਾਪੂਰਵਕ ਆਯੋਜਨ'






**ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 14 ਜੂਨ
(ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ)**

ਸਾਲ 2005 ਤੋਂ ਹਰ ਸਾਲ 14 ਜੂਨ ਨੂੰ ਵਿਸ਼ਵ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ ਦਿਵਸ ਮਨਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਦੀ ਮਹੱਤਤਾ ਬਾਰੇ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਅਤੇ ਜਾਨਾਂ ਬਚਾਉਣ ਅਤੇ ਸਿਹਤ ਵਿੱਚ ਸੁਧਾਰ ਕਰਨ ਵਿੱਚ ਸਵੈ-ਇੱਛਤ ਰਹਿਤ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਦੇ ਯੋਗਦਾਨ ਨੂੰ ਮਾਨਤਾ ਦੇਣ ਲਈ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। 14 ਜੂਨ ਕਾਰਲ ਲੈਂਡਸਟੀਨਰ (1868–1943), ਇੱਕ ਆਸਟ੍ਰੀਆ ਦੇ ਜੀਵ-ਵਿਗਿਆਨੀ ਅਤੇ ਡਾਕਟਰ ਦਾ ਜਨਮਦਿਨ ਹੈ, ਜਿਸਨੂੰ ਆਧੁਨਿਕ ਖ਼ੂਨ ਚੜ੍ਹਾਉਣ ਦਾ 'ਸੰਸਥਾਪਕ' ਮੰਨਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਜਿਸਨੇ ABO ਖ਼ੂਨ ਸਮੂਹਾਂ ਦੀ ਖੋਜ ਵੀ ਕੀਤੀ ਸੀ। ਹਰ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਇੱਕ ਕੀਮਤੀ ਜੀਵਨ ਬਚਾਉਣ ਵਾਲਾ ਤੋਹਫ਼ਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੁਹਰਾਉਣਾ ਦਾਨ ਇੱਕ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਅਤੇ ਟਿਕਾਊ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਬਣਾਉਣ ਅਤੇ ਯੂਨੀਵਰਸਲ ਹੈਲਥ ਕਵਰੇਜ (UHC) ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕਰਨ ਦੀ ਕੁੰਜੀ ਹੈ। ਸਵੈ-ਇੱਛਤ ਗੈਰ-ਮੁਨਾਫ਼ੇ ਵਾਲੇ ਦਾਨ ਦੇ ਆਧਾਰ 'ਤੇ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਅਤੇ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਤੱਕ ਪਹੁੰਚ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਹੈ; ਦੁਰਘਟਨਾ ਅਤੇ ਸਦਮੇ ਦੇ ਪੀੜਤਾਂ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧਨ ਲਈ; ਸਰਜਰੀ ਦੀ ਲੋੜ ਵਾਲੇ ਮਰੀਜ਼, ਕੈਂਸਰ ਦੇ ਮਰੀਜ਼, ਗਰਭ ਅਵਸਥਾ ਅਤੇ ਬੱਚੇ ਦੇ ਜਨਮ ਦੌਰਾਨ ਖ਼ੂਨ ਵਹਿਣ ਦੇ ਮਾਮਲੇ; ਅਨੀਮੀਆ ਦੇ ਕੇਸ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਮਰ ਭਰ ਲਈ ਅਤੇ ਨਿਯਮਤ ਖ਼ੂਨ ਚੜ੍ਹਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਸਿਕਲ ਸੈੱਲ ਅਨੀਮੀਆ ਅਤੇ ਥੈਲੇਸੀਮੀਆ ਆਦਿ।

ਸਵੈ-ਇੱਛਤ ਗੈਰ-ਮੁਨਾਫ਼ੇ ਵਾਲੇ ਪਲਾਜ਼ਮਾ ਦਾਨ ਵੀ ਲੰਬੇ ਸਮੇਂ ਦੀਆਂ ਸਥਿਤੀਆਂ ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਹੀਮੋਫਿਲੀਆ ਅਤੇ ਇਮਿਊਨ ਕਮੀਆਂ ਦੀ ਇੱਕ ਵਿਸ਼ਾਲ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਵਾਲੇ ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਵਿੱਚ ਇੱਕ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਭੂਮਿਕਾ ਨਿਭਾਉਂਦੇ ਹਨ।

14 ਜੂਨ 2024 ਨੂੰ ਇਸ ਸਾਲ ਦੇ ਵਿਸ਼ਵ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ ਦਿਵਸ ਦੀ ਮੁਹਿੰਮ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਹੈ 'ਦਾਨ ਦੇਣ ਦੇ 20 ਸਾਲ - ਤੁਹਾਡਾ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ'। ਇਹ ਇੱਕ ਰਾਸ਼ਟਰ ਦੀ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਅਤੇ ਟਿਕਾਊ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਵਿੱਚ ਸਵੈਸੇਵੀ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਦੀ ਭੂਮਿਕਾ 'ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹਨਾਂ ਨੇਕ ਵਾਲੰਟੀਅਰ ਦਾਨੀਆਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਨ ਲਈ ਪੂਰੀ ਦੁਨੀਆ ਵਿੱਚ ਮਨਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਟਰਾਂਸਫਿਊਜ਼ਨ ਮੈਡੀਸਨ ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ ਸਵੈ-ਇੱਛਤ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਸਬੰਧੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਲਈ 3 ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ ਲਗਾਏ ਗਏ।

ਸਵਰਾਜ ਇੰਜਣ ਲਿਮਟਿਡ, ਪਲਾਟ ਨੰ.2, ਉਦਯੋਗਿਕ ਖੇਤਰ, ਫੇਜ਼ 9 ਮੋਹਾਲੀ ਵਿਖੇ ਬ੍ਰਿਜ ਮਾਰਕੀਟ, ਸੈਕਟਰ-17, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ। ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੇਂਦਰ, ਐਡਵਾਂਸਡ ਟਰੋਮਾ ਸੈਂਟਰ, ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੈਂਪਾਂ ਵਿੱਚ ਕੁੱਲ 350 ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੇ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੀਤਾ। 18 ਤੋਂ 65 ਸਾਲ ਦੀ ਉਮਰ ਦੇ ਸਾਰੇ ਸਿਹਤਮੰਦ ਬਾਲਗਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਨੇਕ ਕਾਰਜ ਲਈ ਅੱਗੇ ਆਉਣ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਟ੍ਰਾਈ ਸਿਟੀ ਦੇ ਕਿਸੇ ਵੀ ਲਾਇਸੰਸਸ਼ੁਦਾ ਬਲੱਡ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ।

ਟਰਾਂਸਫਿਊਜ਼ਨ ਮੈਡੀਸਨ ਵਿਭਾਗ, ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਆਪਣੇ ਸਾਰੇ ਵਲੰਟੀਅਰ ਦਾਨੀਆਂ ਦਾ ਦਿਲੋਂ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹੈ ਜੋ ਸੰਸਥਾ ਵਿੱਚ ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਦੀਆਂ ਖ਼ੂਨ ਅਤੇ ਖ਼ੂਨ ਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਨਿਯਮਤ ਅੰਤਰਾਲਾਂ 'ਤੇ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਕੇ ਵਿਭਾਗ ਦਾ ਸਮਰਥਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

Dated:-15/06/2024

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का

# पीजीआई योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला और नारा लेखन के साथ हुई संपन्न



सिटी दर्पण
चंडीगढ़

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पीजीआई के योग केंद्र ने योगस्पर्धा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योग-संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। योगस्पर्धा के तहत अंतिम प्रतियोगिता, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता और क्रीड़ा योग प्रतियोगिता, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए योग केंद्र में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' था। डॉ. अलका खडवाल, प्रोफेसर (बीएमटी), क्लिनिकल हेमाटोलॉजी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के नियमों के बारे में बताया। 50 से अधिक प्रतिभागियों ने स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और 25 से अधिक ने क्रीड़ा योग प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया था। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को स्व-देखभाल के बारे में जागरूक करने और अंततः समाज में संदेश फैलाने के लिए किया गया था। योग अभ्यास स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को उनके कार्य तनाव, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रबंधित करने और उनके आसपास एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में मदद करता है।

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ केसरी

## योगस्पर्धा का समापन

चंडीगढ़, 14 जून (पाल): योग का शरीर पर एक पॉसिटिव असर है, इसलिए डॉक्टर्स भी आजकल दवाइयों के साथ योग करने की सलाह देते हैं। हालांकि योग हमारी संस्कृति का हिस्सा है लेकिन साइंस इसके एविडेंस ढूंढ रही है ताकि इसके फैक्ट्स देखें जा सकें। योग के सहस्यों को जाने के लिए पी.जी.आई. में कोलैबोरेटिव सैंटर फॉर माइंड बॉडी इंटरवेंशन की स्थापना की गई थी। इसी को देखते इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग केंद्र की ओर से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, व्याख्यान और सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पी.जी.आई. में इस वर्ष का समारोह खास है क्योंकि स्वास्थ्य सेवा कर्मी योगस्पर्धा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योग-संबंधी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं जो जून की शुरुआत से आयोजित किया जा रहा है।

योग प्रतियोगिता चित्रकला का हुआ आयोजन : योगस्पर्धा के अंतर्गत अंतिम प्रतियोगिता, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता और क्रीड़ा योग प्रतियोगिता, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए योग केंद्र में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय था 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग।

**Dated:-15/06/2024**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
नई सोच, नई पहल
जगमार्ग

# पीजीआई योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला और नारा लेखन के साथ हुई संपन्न

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पीजीआई के योग केंद्र ने योगस्पर्धा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योग-संबंधी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया।



योगस्पर्धा के तहत अंतिम प्रतियोगिता, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता और क्रीड़ा योग प्रतियोगिता, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरो के लिए योग केंद्र मे आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' था। डॉ. अलका खड्वाल, प्रोफेसर (बीएमटी), क्लिनिकल हेमाटोलॉजी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने सभी प्रतिभागियो का स्वागत किया और प्रतियोगिता के नियमो के बारे मे बताया। 50 से अधिक प्रतिभागियो ने स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता मे भाग लिया और 25 से अधिक ने क्रीड़ा योग प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया था। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य सेवा पेशेवरो को स्व-देखभाल के बारे मे जागरूक करने और अंततः समाज मे संदेश फैलाने के लिए किया गया था।

Dated:-15/06/2024


# ट्राई सिटी न्यूज़ लाईन

हिंदी समाचार पत्र

किसी भी प्रकाशित समाचार पर अपने विचार देने के लिए संपर्क करें :- ट्राई सिटी न्यूज़ लाईन

हिंदी साप्ताहिक

वर्ष - 17 अंक 27 चंडीगढ़, शनिवार, 15 जून 2024 मूल्य - 1 पृष्ठ - 6 वार्षिक शुल्क - 50 रुपए


## पीजीआई योग प्रतियोगिता का चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता के साथ सफलतापूर्वक समापन

ट्राई सिटी न्यूज़ लाइन/ब्यूरो



पिछले वर्षों की तरह, PGIMER के योग केंद्र यानी CCRYN- योग के माध्यम से मन शरीर हस्तक्षेप के लिए सहयोगात्मक केंद्र योग के बारे में जागरूकता फैलाने का विशेषाधिकार प्राप्त करता है और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, व्याख्यान और सम्मेलन का आयोजन करके लाभान्वित होता है। इस वर्ष PGIMER में IDY समारोह विशेष है क्योंकि स्वास्थ्य सेवा कर्मी जून की शुरुआत से आयोजित किए जा रहे योगस्पर्धा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योग-संबंधी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। योगस्पर्धा के तहत अंतिम प्रतियोगिता, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता और क्रीड़ा योग प्रतियोगिता, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए योग केंद्र में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय "महिला सशक्तिकरण के लिए योग" था। क्लिनिकल हेमाटोलॉजी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रोफेसर (BMT) डॉ. अलका खडवाल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के नियमों की व्याख्या की। वे सक्रिय भागीदारी से प्रसन्न थीं।

स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए 500 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा की और क्रीड़ा योग प्रतियोगिता के लिए 1000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया था। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को स्व-देखभाल के बारे में जागरूक करने और अंततः समाज में संदेश फैलाने के लिए आयोजित किया गया था। योग अभ्यास स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को उनके कार्य तनाव, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रबंधित करने और उनके आसपास एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में मदद करता है। योग अभ्यास के अंत के साथ, पीजीआईएमईआर परिवार के साथ योग केंद्र 2 जून को 5वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए तैयार है।

Dated:-15/06/2024

PAIGAM-E-JAGAT
# ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : info@paigamejagat.com | ਸ਼ਨੀਵਾਰ, 15 ਜੂਨ 2024, ਸਾਲ 1, ਅੰਕ ਨੰ. 37, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ : ਦਵਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਸੰਪਰਕ 9478602733

# ਪੀਜੀਆਈ ਯੋਗਾ ਮੁਕਾਬਲੇ ਪੇਂਟਿੰਗ ਅਤੇ ਸਲੋਗਨ ਲਿਖਣ ਮੁਕਾਬਲੇ ਦੇ ਨਾਲ ਸਫਲਤਾਪੂਰਵਕ ਸਮਾਪਤ ਹੋਏ





ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 14 ਜੂਨ
(ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ)

ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ, ਯੋਗਾ ਕੇਂਦਰ ਯਾਨੀ CCRYN-ਕੋਲਾਬੋਰੇਟਿਵ ਸੈਂਟਰ ਫਾਰ ਮਾਈਂਡ ਬਾਡੀ ਇੰਟਰਵੈਨਸ਼ਨ ਦੁਆਰਾ ਯੋਗਾ ਦੁਆਰਾ PGIMER ਯੋਗਾ ਪ੍ਰਤੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਫੈਲਾਉਣ ਵਿੱਚ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਅਧਿਕਾਰ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਯੋਗ ਦਿਵਸ (IDY) ਸਮਾਗਮ, ਮੁਕਾਬਲਿਆਂ, ਵਰਕਸ਼ਾਪਾਂ, ਲੈਕਚਰ ਅਤੇ ਕਾਨਫਰੰਸ ਆਯੋਜਿਤ ਕਰਕੇ ਇਸਦਾ ਫਾਇਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ ਵਿੱਚ ਇਸ ਸਾਲ ਦਾ IDY ਜਸ਼ਨ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਸਿਹਤ ਸੰਭਾਲ ਕਰਮਚਾਰੀ ਯੋਗਾ-ਸਬੰਧਤ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਮੁਕਾਬਲਿਆਂ ਵਿੱਚ ਸਰਗਰਮੀ ਨਾਲ ਹਿੱਸਾ ਲੈ ਰਹੇ ਹਨ, ਜੋ ਕਿ ਜੂਨ ਦੇ ਸ਼ੁਰੂ ਤੋਂ ਕਰਵਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਯੋਗਸਪਰਧਾ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੇ ਤਹਿਤ ਹੈ।

ਯੋਗਾ ਸੈਂਟਰ ਫਾਰ ਹੈਲਥ ਕੇਅਰ ਪ੍ਰੋਫੈਸ਼ਨਲ ਵਿਖੇ ਸਲੋਗਨ ਅਤੇ ਪੇਂਟਿੰਗ ਮੁਕਾਬਲੇ ਅਤੇ ਕ੍ਰਿਡਾ ਯੋਗਾ ਮੁਕਾਬਲਾ, ਯੋਗਸਪਰਧਾ ਦੇ ਤਹਿਤ ਆਖਰੀ ਮੁਕਾਬਲੇ ਕਰਵਾਏ ਗਏ। ਇਸ ਮੁਕਾਬਲੇ ਦਾ ਵਿਸ਼ਾ ਸੀ 'ਔਰਤਾਂ ਦੇ ਸਸ਼ਕਤੀਕਰਨ ਲਈ ਯੋਗਾ' ਡਾ. ਅਲਕਾ ਖਡਵਾਲ, ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ (BMT), ਕਲੀਨਿਕਲ ਹੇਮਾਟੋਲੋਜੀ ਅਤੇ ਮੈਡੀਕਲ ਔਨਕੋਲੋਜੀ ਵਿਭਾਗ, ਨੇ ਸਾਰੇ ਭਾਗੀਦਾਰਾਂ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਦੇ ਨਿਯਮਾਂ ਬਾਰੇ ਦੱਸਿਆ। ਉਹ ਸਰਗਰਮ ਭਾਗੀਦਾਰੀ ਤੋਂ ਖੁਸ਼ ਸੀ। ਸਲੋਗਨ ਅਤੇ ਪੇਂਟਿੰਗ ਮੁਕਾਬਲੇ ਲਈ 50 ਤੋਂ ਵੱਧ ਪ੍ਰਤੀਯੋਗੀਆਂ ਨੇ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ ਅਤੇ 25 ਤੋਂ ਵੱਧ ਨੇ ਕ੍ਰਿਦਾ ਯੋਗਾ ਮੁਕਾਬਲੇ ਲਈ ਰਜਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਕਰਵਾਈ।

ਇਸ ਸਮਾਗਮ ਦਾ ਆਯੋਜਨ ਸਿਹਤ ਸੰਭਾਲ ਪੇਸ਼ੇਵਰਾਂ ਨੂੰ ਸਵੈ-ਸੰਭਾਲ ਬਾਰੇ ਜਾਗਰੂਕ ਕਰਨ ਅਤੇ ਅੰਤ ਵਿੱਚ ਸਮਾਜ ਵਿੱਚ ਸੰਦੇਸ਼ ਫੈਲਾਉਣ ਲਈ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ। ਯੋਗਾ ਅਭਿਆਸ HCWs ਨੂੰ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਦੇ ਤਣਾਅ, ਸਰੀਰਕ ਅਤੇ ਮਾਨਸਿਕ ਸਿਹਤ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧਨ ਕਰਨ ਅਤੇ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਆਲੇ ਦੁਆਲੇ ਇੱਕ ਸਿਹਤਮੰਦ ਵਾਤਾਵਰਣ ਬਣਾਈ ਰੱਖਣ ਵਿੱਚ ਮਦਦ ਕਰਦਾ ਹੈ।

ਯੋਗਸਪਰਧਾ ਦੀ ਸਮਾਪਤੀ ਦੇ ਨਾਲ, PGIMER ਪਰਿਵਾਰ ਦੇ ਨਾਲ ਯੋਗਾ ਕੇਂਦਰ 21 ਜੂਨ 2024 ਨੂੰ 10ਵੇਂ IDY ਜਸ਼ਨ ਲਈ ਤਿਆਰੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ।

**Dated:-15/06/2024**

WWW.YUGMARG.COM

REGD NO. CHD/0061/2006-08 | RNI NO. 61323/95

YUGMARG

# Noble gesture of body donation at PGIMER



CHANDIGARH: The Department of Anatomy, PGIMER, Chandigarh has received the body of Mr Randhir Singh S/O Mr Bakshi Singh, R/O Baltana, Zirakpur, who expired on 9th June 2024. The body was gracefully donated by his son Mr Jatinder Pal Singh, daughters Mrs Sandeep Kaur & Mrs Mandeep Kaur and son in law Mr Vinod Kumar on 9th June 2024.

The Department is grateful to the family members for their noble gesture.

Body Donation/Embalming Helpline – 0172-2755201, 9660030095

Dated:-15/06/2024

chandigarh.amarujala.com

my city अमर उजाला

# बलटाना के रणधीर सिंह का पीजीआई में देहदान

चंडीगढ़। पीजीआई एनाटॉमी विभाग में बलटाना निवासी रणधीर सिंह का देहदान कराया गया है। 9 जून को रणधीर सिंह के निधन के बाद उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह और बेटियां संदीप कौर, मनदीप कौर व दामाद विनोद कुमार ने उनका देहदान कराया। पीजीआई ने इस नेक कार्य पर परिवार के सदस्यों का आभार जताया। पीजीआई प्रशासन के अनुसार देहदान के लिए हेल्पलाइन – 0172-2755201, 9660030095 पर संपर्क किया जा सकता है। ब्यूरो

Dated:-15/06/2024

दैनिक
भारत देश हमारा
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    www.bharatdeshhamara.com    DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

# पीजीआईएमईआर में देहदान का महान प्रयास

चंडीगढ़ 14 जून( सतीश कुमार): एनाटॉमी विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ को श्री रणधीर सिंह पुत्र श्री बख्शी सिंह, निवासी बलटाना, जीरकपुर का शरीर प्राप्त हुआ है, जिनकी मृत्यु 9 जून 2024 को हो गई थी। शरीर को उनके बेटे श्री जतिंदर पाल सिंह द्वारा सम्मानपूर्वक दान किया गया था। 9 जून 2024 को बेटियां श्रीमती संदीप कौर और श्रीमती मनदीप कौर और दामाद श्री विनोद कुमार। विभाग उनके नेक काम के लिए परिवार के सदस्यों का आभारी है।

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ भास्कर

# पीजीआई को रणधीर सिंह की बॉडी डोनेट की



चंडीगढ़| पीजीआई के डिपार्टमेंट ऑफ एनाटॉमी में बलटाना के रणधीर सिंह का शव नॉबल कॉज के लिए डोनेट किया गया है। उनकी 9 जून को मृत्यु हो गई थी। मृत शरीर को उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह ने डिपार्टमेंट को सौंपा। उनके साथ उनकी बेटी संदीप कौर और मनदीप कौर व दामाद विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। पीजीआई में डोनेट की जाने वाली बॉडी रिसर्च के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।

**Dated:-15/06/2024**

दैनिक जागरण

चंडीगढ़

# जीरकपुर के रणधीर सिंह का शरीर पीजीआइ को दान

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : पीजीआइ को जीरकपुर के एक परिवार ने देहदान की है। एनाटामी विभाग को जीरकपुर के बलटाना निवासी रणधीर सिंह पुत्र बख्शी सिंह का शरीर प्राप्त हुआ है। रणधीर सिंह का नौ जून को देहांत हो गया था। उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह, बेटी संदीप कौर, मनदीप कौर और दामाद विनोद कुमार ने रणधीर सिंह के शरीर को पीजीआइ को दान किया है। विभाग ने उनके नेक काम के लिए परिवार के सदस्यों का आभार जताया।



रणधीर सिंह • फाइल फोटो

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ केसरी

# पी.जी.आई. एनाटॉमी विभाग में देह दान

चंडीगढ़, 14 जून (पाल): पी.जी.आई. एनाटॉमी विभाग को रणधीर सिंह पुत्र बख्शी सिंह, निवासी बलटाना, जीरकपुर का पार्थिव शरीर प्राप्त हुआ है, जिनका 9 जून को निधन हो गया। उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह, बेटियों संदीप कौर और मनदीप कौर और दामाद विनोद कुमार ने 9 जून को पार्थिव शरीर को पी.जी.आई. में दान कर दिया। विभाग उनके इस नेक कार्य के लिए परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ सवेरा टाइम्स

# पीजीआई में बलटाना निवासी ने किया देहदान का नेक कार्य

सवेरा न्यूज/राकेश

चंडीगढ़,14 जून: एनाटॉमी विभाग, पीजीआई को रणधीर सिंह पुत्र बख्शी सिंह, निवासी बलटाना, जीरकपुर का पार्थिव शरीर प्राप्त हुआ है, जिनका 9 जून को निधन हो गया। उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह, बेटियों संदीप कौर और मनदीप कौर और दामाद विनोद कुमार ने 9 जून को पार्थिव शरीर को दान कर दिया। विभाग उनके इस नेक कार्य के लिए परिवार के सदस्यों का आभारी है।

**Dated:-15/06/2024**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नई सोच, नई राह

# जगमार्ग

## पीजीआई को मिली दान में बॉडी

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। पीजीआई के एनाटॉमी विभाग को रणधीर सिंह निवासी बलटाना जीरकपुर का पार्थिव शरीर प्राप्त हुआ है, जिनका 9 जून को निधन हो गया था। उनके बेटे जतिंदर पाल सिंह, बेटियों संदीप कौर और मनदीप कौर के अलावा दामाद विनोद कुमार ने 9 जून को पार्थिव शरीर को दान कर दिया था। विभाग ने उनके परिवार के सदस्यों के इस नेक कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

Dated:-15/06/2024

PAIGAM E JAGAT

ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : info@paigamejagat.com

# ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ ਵਿਖੇ ਸਰੀਰ ਦਾਨ ਦਾ ਨੇਕ ਸੰਕੇਤ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 14 ਜੂਨ (ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ)

ਐਨਾਟੋਮੀ ਵਿਭਾਗ, ਪੀਜੀਆਈਐਮਈਆਰ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੂੰ ਸ੍ਰੀ ਰਣਧੀਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਬਖਸ਼ੀ ਸਿੰਘ, ਆਰ/ਓ ਬਲਟਾਣਾ, ਜ਼ੀਰਕਪੁਰ ਦੀ ਦੇਹ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਈ ਹੈ, ਜੋ ਕਿ 9 ਜੂਨ 2024 ਨੂੰ ਅਕਾਲ ਚਲਾਣਾ ਕਰ ਗਏ ਸਨ ਇਹ ਦੇਹ 9 ਜੂਨ 2024 ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਜਤਿੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ, ਬੇਟੀਆਂ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਸੰਦੀਪ ਕੌਰ ਅਤੇ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਮਨਦੀਪ ਕੌਰ ਅਤੇ ਜਵਾਈ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਕੁਮਾਰ ਦੁਆਰਾ ਦਾਨ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਵਿਭਾਗ ਪਰਿਵਾਰ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੇਕ ਉਪਰਾਲੇ ਲਈ ਧੰਨਵਾਦੀ ਹੈ। ਸਰੀਰ ਦਾਨ/ਇੰਬਲਮਿੰਗ ਹੈਲਪਲਾਈਨ- 0172-2755201, 9660030095



**Dated:-15/06/2024**

chandigarh.amarujala.com

my city अमर उजाला

# पीजीआई प्रबंधन ने किया धोखा : अश्वनी

## आरोप : समान वेतन लागू करने का आश्वासन देकर मुकरे अधिकारी

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। पीजीआई प्रशासन अनुबंध श्रम (विनियमन और उन्मूलन) नियम, 1971 के नियम 25 के तहत समान वेतन लागू करने के 11 जून के लिखित आश्वासन को लागू करने से पीछे हट गया और इसे लागू करने में विफल रहा।

यह कहना है पीजीआई जॉइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार मुंजाल का। उन्होंने कहा कि पीजीआई प्रबंधन की ओर से 18 मई 2024 के पत्र के माध्यम से दिए आश्वासनों को पूरा करने में विफल रहने के बाद 11 जून को पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल के नेतृत्व में अत्यधिक असंवेदनशील पीजीआई प्रशासन की ओर से चार हजार से अधिक गरीब और असहाय अनुबंध श्रमिकों को चिलचिलाती गर्मी में आंदोलन करने के लिए मजबूर किया गया था।

पीजीआई प्रबंधन ने फिर धोखा और विश्वासघात किया, जेएसी की उम्मीदें टूट गई हैं। यह कहना है पीजीआई जॉइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार मुंजाल का। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर 2022, 20 जनवरी 2024, 3 और 4 अप्रैल और अब 11 जून 2024 को पीजीआई के विभिन्न यूनियनों द्वारा पीजीआई के निदेशक के रूप में डॉ. विवेक लाल के शामिल होने के 2 साल से भी कम समय में रिकॉर्ड चौथी हड़ताल थी। 11 जून को विरोध प्रदर्शन के बाद, पीजीआई प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया था कि 2018-2020 (दो वर्ष) के मूल और महंगाई भत्ते का 2 साल का बकाया 11 जून, 2024 तक जारी करेगा। 4 साल का बकाया बकाया 30 जून तक दे देगा। आगे आश्वासन दिया गया कि 13 जनवरी, 2024 से संशोधित वेतन के लिए मंत्रालय के संकल्प से 14 जून को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 1600 हॉस्पिटल अटेंडेंट और उनके रिलीवर्स को शुक्रवार तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। जेएसी ने रुपये के बकाया के मामले में डॉ. विवेक लाल और उनकी टीम पर शरारत और जानबूझकर की गई चाल का आरोप लगाया है।

Dated:-15/06/2024


चंडीगढ़ सवेरा टाइम्स

निष्पक्ष सोच, निडर अखबार — NO पेड न्यूज

सिटी मौसम — अधिकतम 22.0 सेल्सियस, न्यूनतम 11.0 सेल्सियस — सूर्योदय कल 06.51, सूर्यास्त आज 06.20

• मोहाली • जीरकपुर • डेराबस्सी • खरड़ • कुराली • लालड़ू • मोरिंडा • पंचकूला • पिंजौर • कालका • बरवाला • रायपुर रानी WWW.DAINIKSAVERATIMES.COM


# पीजीआई प्रबंधन ने फिर दिया धोखा, जेएसी की उम्मीदें टूटीं

सवेरा न्यूज/राकेश

चंडीगढ़,14 जूनः पीजीआई प्रशासन अनुबंध श्रम (विनियमन और उन्मूलन) नियम, 1971 के नियम 25 के तहत समान वेतन लागू करने के 11 जून के लिखित आश्वासन को लागू करने में विफल रहा है। पीजीआई प्रबंधन द्वारा 18 मई के पत्र के माध्यम से दिए गए आश्वासनों को पूरा करने में विफल रहने के बाद 11 जून को पीजीआई के निदेशक डॉ विवेक लाल के नेतृत्व में अत्यधिक असंवेदनशील पीजीआई प्रशासन द्वारा 4000 से अधिक गरीब और असहाय अनुबंध श्रमिकों को चिलचिलाती गर्मी में आंदोलन करने के लिए मजबूर किया गया। डॉ विवेक लाल के पीजीआई के निदेशक के रूप में शामिल होने के 2 साल से भी कम समय में पीजीआई के विभिन्न यूनियनों द्वारा यह रिकॉर्ड चौथी हड़ताल थी। अब 11 जून के विरोध के बाद पीजीआई प्रशासन ने निम्नलिखित लिखित आश्वासन दिए थे। वर्ष 2018-2020 के मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 2 वर्ष का बकाया 11 जून तक जारी करना, 4 वर्ष का शेष बकाया 30 जून तक। यह भी आश्वासन दिया कि 13 जनवरी से आज तक संशोधित वेतन के लिए मंत्रालय का संकल्प 14 जून को बता दिया जाएगा।

15 जून को जब समझौता कार्यवाही आयोजित की गई, तो जेएसी ने उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), चंडीगढ़ को सूचित किया कि पीजीआई ने एक बार फिर बिंदु संख्या 1 और 3 पर लिखित आश्वासन का उल्लंघन किया है। सबसे पहले, पीजीआई प्रबंधन ने फिर से धोखा और विश्वासघात किया है क्योंकि यह 11 जून तक अनुबंध श्रमिकों को 2 साल का बकाया भुगतान करने में विफल रहा है। जेएसी ने बताया कि लगभग 1600 अस्पताल परिचारकों और उनके रिलीवरों को आज तक कोई भुगतान नहीं किया गया है, जो कि 10 करोड़ रुपए के बराबर है। संस्थान ने बताया कि 6 नवम्बर 2023 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा शिक्षा विभाग को अनुमोदन के लिए भेजे गए 46 करोड़ रुपए के बजट में लगभग 1600 अस्पताल परिचारकों तथा उनके रिलीवरों का बकाया शामिल नहीं था, लेकिन, संस्थान यह नहीं बता सका कि इसके पीछे क्या कारण थे तथा पीजीआई प्रबंधन ने इस महत्वपूर्ण तथ्य को क्यों छिपाया तथा सभी संबंधित पक्षों को अब तक अंधेरे में क्यों रखा। जेएसी ने डॉ. विवेक लाल और उनकी टीम की ओर से एक शरारत और जानबूझकर की गई साजिश का आरोप लगाया, क्योंकि 9.44 करोड़ रुपए का बकाया और 3.33 करोड़ रुपए अवकाश घटक के रूप में 6 मई, 2023 को एमएचएफडब्ल्यू को भेजे गए 38 करोड़ रुपए के बजट अनुमोदन में शामिल किए गए थे।

इसलिए, यह पीजीआई प्रबंधन की ओर से गंभीर शरारत है, जिसने 1600 अस्पताल परिचारकों और उनके रिलीवरों के 10 करोड़ रुपए को बाहर कर दिया। जेएसी ने डिप्टी सीएलसी को 6 मई 2023 का पत्र दिखाया था। पीजीआई ने गंभीर विवाद खड़ा कर दिया है।

Dated:-15/06/2024

chandigarh.amarujala.com

my city

अमर उजाला

# ग्लैडियस का फाइनल आज, डॉक्टर दिखाएंगे दम

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। पीजीआई में आयोजित खेल समारोह ग्लैडियस में शुक्रवार को विविध खेलों के उप विजेताओं के बीच सेमीफाइनल मैच खेले गए। इसके तहत फाइल मुकाबला आज होगा, जिसमें पीजीआई के रेजिडेंट्स डॉक्टर दम दिखाएंगे।

पीजीआई रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के खेल सचिव विवेक झा ने बताया कि फुटसल के सेमीफाइनल मैच कार्डिएक यूनाइटेड बनाम एनेस्थीसिया, रेडियो बनाम एंट, कार्डिएक यूनाइटेड बनाम मिक्स्ड का खेल हुआ। वहीं, वॉलीबॉल का दूसरा सेमीफाइनल हाइक्यू बनाम पीडियाट्रिक्स के बीच हुआ, जबकि बास्केटबॉल में बाल रोग बनाम स्केलपेल और मेड बनाम स्कोप्स एन हूप्स के बीच मुकाबला खेला गया। मैचों की विजेता टीम शनिवार को ट्रॉफी के लिए आपस में भिड़ेगी।



पीजीआई के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में गली क्रिकेट मैच के दौरान पीडियाट्रिक्स और रेडियोलॉजी विभाग के बीच चल रहे मुकाबले में बल्लेबाजी करता पीडियाट्रिक्स का खिलाड़ी। अमर उजाला

**Dated:-15/06/2024**

चंडीगढ़ भास्कर

# पीजीआई इलेक्ट्रिकल स्टाफ ने छबील लगाई



चंडीगढ़| पीजीआई के इलेक्ट्रिकल स्टाफ की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई। कर्मचारियों की ओर से काले चने और हलवा भी वितरित किया।

Dated:-15/06/2024

चंडीगढ़ केसरी

# जी.एम.सी.एच. ने सतलोक आश्रम को किया सम्मानित

## आश्रम ने किया 1700 यूनिट से अधिक रक्तदान

चंडीगढ़, 14 जून (पाल): संत रामपाल महाराज के सतलोक आश्रम को वर्ल्ड डोनर डे के मौके पर जी.एम.सी.एच. के ब्लड बैंक द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। अस्पताल में आयोजित समारोह के दौरान संसथान के डायरैक्टर प्रिंसिपल डॉ. अशोक के. अत्री और ब्लड बैंक टीम की हैड डॉ. रवनीत कौर ने सतलोक आश्रम के सेवादारों को यह सम्मान दिया।

उन्होंने बताया कि मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट ने पिछले वर्ष सतलोक आश्रम में हर कार्यक्रम के दौरान बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए, जिससे हजारों अनमोल जिंदगियां बचाने में मदद मिल रही है। पिछले वर्षों के दौरान सतलोक आश्रम ने लगातार पी.जी.आई. जी.एम.सी.एच., जी.एम.एस.एच. के अलावा विभिन्न जिला सरकारी अस्पतालों में हजारों यूनिट रक्तदान किया है।

सेवादारों ने कहा कि संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में भ्रूण हत्या, दहेज, पाखंड, नशा और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लगातार झंडा बुलंद किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अस्पतालों में जाकर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रक्तदान के माध्यम से अनमोल जिंदगियां बचाने का परोपकारी कार्य भी करते रहते हैं।